दिनांक: 08.07.2024 समय : 09:00 ए.एम.

## प्रादेशिक समाचार

## आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- सुप्रीम कोर्ट, नीट–यूजी परीक्षा से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज करेगा सुनवाई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की यात्रा पर।
- एस.एम.एस. अस्पताल प्लाज्मा प्रकरण में राज्य सरकार ने चार चिकित्सा अधिकारियों को किया कारण बताओ नोटिस जारी।
- प्रदेश में कई स्थानों पर बारिश का दौर जारी–जलाशयों में पानी की अच्छी आवक शुरू।

000

सुप्रीम कोर्ट, नीट–यूजी परीक्षा से जुड़ी विभिन्न याचिकाओं पर आज सुनवाई करेगा। इसमें नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग की याचिकाएं भी शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ के सामने 26 याचिकाएं सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की गयी हैं। विद्यार्थियों ने अपनी याचिकाओं में नीट में कथित गड़बड़ियों की अलग और स्वतंत्र जांच की मांग की है। बढ़ते नीट विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में हलफनामा दाखिल किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर किसी भी तरह की गड़बड़ी का कोई सबूत नहीं मिला है, ऐसे में नीट परीक्षा को दोबारा आयोजित करने की कोई जरूरत नहीं है। केन्द्र ने यह भी तर्क दिया है कि दोबारा परीक्षा कराने से लाखों परीक्षार्थियों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

000

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने इस साल की संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा–सी.यू.ई.टी. की उत्तर कुंजी जारी कर दी है। विद्यार्थी कुंजी को कल तक चुनौती दे सकते हैं। अब एक सप्ताह के भीतर परिणाम घोषित होने की उम्मीद है। यह परीक्षा पहली बार हाइब्रिड आधार पर आयोजित की गई थी। 15 विषयों के लिए पेन–पेपर और 48 विषय कंप्यूटर आधारित थे। इस वर्ष, 261 केंद्रीय, राज्य, डीम्ड और निजी विश्वविद्यालयों में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए तेरह लाख 40 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज रूस और ऑस्ट्रिया की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगे। पहले चरण में वे 22वें भारत–रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन के लिए मॉस्को पहुंचेंगे। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन रक्षा, व्यापार, निवेश, ऊर्जा सहयोग, शिक्षा, संस्कृति और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित विभिन्न मुद्दों पर विचार–विमर्श करेंगे। प्रधानमंत्री कल रूस में भारतीय समुदाय से भी मिलेंगे। वे क्रेमलिन में सैनिकों की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और मॉस्को में रोस्टोगम पवेलियन जाएंगे। दोनों नेताओं के बीच परस्पर वार्ता के बाद प्रतिनिधि मंडल स्तर की वार्ता होगी। यात्रा के दूसरे चरण में श्री मोदी नौ और दस जुलाई को ऑस्ट्रिया में होंगे। प्रधानमंत्री की पहली

ऑस्ट्रिया यात्रा वहां के चांसलर के निमंत्रण पर हो रही है। दोनों नेताओं के बीच शिष्टमंडल स्तर की वार्ता होगी। श्री मोदी व्यापार जगत के प्रमुखों के साथ भी बातचीत करेंगे।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि समाज में बदलाव लाने के लिए नई पीढ़ी को मूल्यों की शिक्षा देना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता, देश प्रेम और संस्कारों की शिक्षा देकर ही 2047 तक विकसित भारत का संकल्प पूरा किया जा सकता है। श्री देवनानी कल कोटा में प्रतिभा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने आव्हान किया कि विद्यार्थियों में गरीबों की सेवा करने का भाव होना चाहिए।

000

जोधपुर के सरदार पटेल पुलिस सुरक्षा और दांडिक न्याय विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र करेंगे। समारोह में 10 को स्वर्ण पदक सहित 204 विद्यार्थियों को उपाधियां दी जाएंगी।

000

जैसलमेर में मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए आज से विशेष अभियान शुरू हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के लिए 35 टीमों का गठन किया है।

000

जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के ब्लड बैंक में प्लाज्मा प्रकरण में राज्य सरकार ने चार चिकित्सा अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जांच दल की रिपोर्ट के आधार पर छह दोषी कार्मिकों पर कार्रवाई के लिए चिकित्सा विभाग को पत्र भी लिखा गया है। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि इस मामले में सात दिन में स्पष्टीकरण मांगा गया है। इन अधिकारियों को प्लाज्मा के रख–रखाव में लापरवाही के लिए दोषी मानते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

000

प्रदेश में घरेलू पेयजल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जलदाय विभाग ने नए नियम लागू किये हैं। विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार पीने के पानी का इस्तेमाल मकान मालिक अब घरेलू उपयोग के अलावा अन्य किसी काम में नहीं कर सकेंगे। घरों में सप्लाई होने वाले पानी का उपयोग गाड़ी धोने, बिल्डिंग निर्माण, मैरिज गार्डन और व्यवसायिक तौर पर करने पर रोक रहेगी। विभाग के प्रमुख शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बताया कि घर के अंदर नलों से लीकेज पर मकान मालिक को एक हजार रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके बाद भी पानी की बर्बादी नहीं रोकने पर कनेक्शन काटने का भी प्रावधान होगा। डॉ. शर्मा ने सभी अधिकारियों को निगरानी रखने की जिम्मेदारी सौंपी है।

000

जयपुर जिले के शाहपुरा क्षेत्र में अलवर पुलिया के पास आज तड़के रोडवेज बस और ट्रेलर की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मृत्यु हो गयी। दुर्घटना में 20 लोग घायल

हो गये। शाहपुरा थाना प्रभारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल 11 लोगों को जयपुर रैफर किया गया है। बस दिल्ली से जयपुर आ रही थी।

000

रणथम्भौर बाघ परियोजना क्षेत्र में कल बाघ टी–58 रॉकी की मृत्यु हो गयी। सूचना मिलने पर वन विभाग के कार्मिक हिंदवाड़ गांव पहुंचे। बाघ का आज पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

000

प्रदेश में बीते 24 घंटों में जयपुर, भरतपुर, बाड़मेर, धौलपुर, श्रीगंगानगर, करौली और दौसा सहित कई अन्य स्थानों पर हल्की से मध्यम बरसात हुई। चूरू जिले में भी अच्छी बारिश हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि तारानगर में हुई तेज बारिश के बाद जोहड़, टांकों और तालाबों में पानी की अच्छी आवक हो रही है।

000

सवाईमाधोपुर में दिनभर की उमस के बाद शाम को झमाझम पानी बरसने से मौसम सुहाना हो गया। हालांकि कई जगह बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। टोंक और सवाईमाधोपुर में बनास नदी उफान पर है। उधर, बीकानेर और जैसलमेर में बादलों की आवाजाही का दौर जारी है। जयपुर में कल शाम छितराई हुई बरसात हुई। ऊर्जा विभाग ने बारिश के मौसम में विद्युत आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा के दौरान लोगों से विद्युत तंत्र से छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की है। ऐसी स्थिति में डिस्कॉम के कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज करने की सलाह दी गयी है। मौसम विभाग के अनुसार आज भी राज्य के ज्यादातर स्थानों पर बारिश की संभावना है। उधर, हनुमानगढ़ में बारिश के दौरान एक मकान की छत गिरने से दो लोगों की मृत्यु हो गई।

000